NSW GOVERNMENT | Education Public Schools

सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी

जब आपके बच्चे स्कूल से आ-जा रहे होते हैं, तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है।

सुरक्षित तरीके से साइकिल चलाना

क्योंकि छोटे बच्चे अकेले साइकिल आदि चलाने के लिए अभी भी योग्यताओं का विकास कर रहे होते हैं, इसलिए साइकिल, स्कूटर और स्केटबोर्ड चलाने का सबसे सुरक्षित स्थान बाड़ लगाए गए क्षेत्रों के अंदर का स्थान होता है।

जब तक बच्चों की आयु कम से कम 10 साल न हो जाए, उन्हें गाड़ियों और ड्राइववे से दूर ही साइकिल आदि चलानी चाहिए। क्योंकि वे साइकिल आदि चलाना सीख रहे होते हैं, इसलिए उनके साथ साइकिल आदि चलाना या उनके साथ-साथ पैदल चलना और इस बारे में बात करना महत्वपूर्ण होता है कि सुरक्षित साइकिल सवार कैसे बना जा सकता है।

10 से 12 साल की आयु वाले बच्चों को व्यस्त सड़कों से दूर साइकिल आदि चलानी चाहिए।

16 साल से कम आयु के बच्चों और उनके साथ चलने वाले और उनपर नज़र रखने वाले वयस्क साइकिल सवार फुटपॉथ पर साइकिल आदि चला सकते हैं, बशर्ते कि विशिष्ट रूप से साइकिल चलाने पर रोक लगाने वाले संकेत न लगाए गए हों।

अपने बच्चों को निम्नलिखित बातों के माध्यम से एक सुरक्षित साइकिल सवार बनना सिखाएँ:

- बाइसाइकिल संबंधी सड़क के नियमों का अनुसरण करना, जिनमें शामिल हैं:
  - फुटपॉथ के बायीं ओर साइकिल आदि चलाना
  - फुटपॉथ पर पैदल चलने वाले लोगों को रास्ता देना
  - ड्राइववे से आने-जाने वाली कारों पर नज़र रखना
- सही तरह से फिट बैठने वाला बाइसाइकिल हेलमेट पहनना – यह एक कानून है
- वेस्ट जैसे चमकने वाले कपड़े पहनना, ताकि सड़क पर अन्य यात्री उन्हें देख सकें।

और अधिक सहायता के लिए

विभाग का सड़क सुरक्षा शिक्षा कार्यक्रम देखें:
https://education.nsw.gov.au/road-safety-education या
https://education.nsw.gov.au और सड़क सुरक्षा से संबंधित शिक्षा की खोज करें।

बड़े बच्चों के लिए, अकेले साइकिल आदि चलाने की उनकी क्षमता संबंधी फैसला लेते समय निम्नलिखित पर ध्यानपूर्वक सोच-विचार करें:

- यात्रा करने का मार्ग कितना सुरक्षित है?
- साइकिल आदि चलाने से संबंधित उनकी योग्यताएँ कैसी हैं?
- यातायात के परिवेश में वे अपने आस-पड़ोस से कितने अवगत रहते हैं?
- वे अप्रत्याशित खतरों की व्यवस्था कितनी अच्छी तरह से कर सकते हैं?

आपके स्कूल में उन विद्यार्थियों के लिए कार्यविधियाँ होंगी जो स्कूली मैदान में साइकिल आदि लेकर आते हैं। यह सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे हर समय इनका अनुसरण करते हैं।